सुविचार

जब तक तुम डरते रहोगे, तुम्हारी ज़िन्दगी के फैसले कोई और लेता रहेगा।

# अंतर्कथा



खबरों की विश्वसनीयता हमारी पहचान...

अंतर्कथा | वर्ष 26, अंक 39 | Web :- www.antarkatha.com | Youtube:- antarkatha news | गुरुवार 9 मई 2024 | पेज- 1


## संक्षिप्त खबर

### मनरेगा में काम कर रहे संविदाकर्मियों को स्थाई करने की मांग

रांची : झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश सोरेन ने ग्रामीण विकास विभाग के मनरेगा आयुक्त को पत्र लिख कर मनरेगा अभियंता संवर्ग एवं समस्त मनरेगा कर्मियों को स्थायीकरण का लाभ देने का अनुरोध किया है. उन्होंने विभागीय पत्रांक 16/04/2024 का जिक्र करते हुए कहा है कि हम सभी मनरेगा योजना के तहत संविदा पर कार्यरत अभियंता संवर्ग एवं समस्त मनरेगा कर्मी स्थायीकरण के लिए सभी अहर्ता को पूर्ण करते हैं. उन्होंने कहा कि सचिव कार्मिक विभाग द्वारा भी राज्य के विभिन्न विभागों में संविदा पर कार्यरत कर्मियों की सेवा शर्तो में सुधार एवं नियमितीकरण के लिए विकास आयुक्त झारखण्ड की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति बनी है.

### लोकतंत्र महापर्व के मताधिकार का अवश्य करें

चंद्रपुरा : स्वामी रामकृष्ण परमहंस शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय दुगदा सभागार में बुधवार को व्याख्याताओं व प्रशिक्षु विधार्थियों ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कालेज के डायरेक्टर शंकर प्रसाद स्वर्णकार ने प्रशिक्षु छात्र छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना मताधिकार का अवश्य उपयोग करें। कहा कि आप इस देश के नागरिक होने के नाते मतदान हम सबों के लिए जन्म सिद्ध अधिकार है। आप अपना मताधिकार उपयोग के साथ साथ अपने आस पास के लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करें।

### चाईबासा में सर्च के दौरान सुरक्षाबलों ने तीन नक्सली बंकर किये ध्वस्त

रांची : चाईबासा में सुरक्षा बलों ने सर्च के दौरान तीन नक्सली बंकर को ध्वस्त किया है. वहीं भारी मात्रा में विस्फोटक समेत दैनिक उपयोग में आनेवाले सामान बरामद किये हैं. भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता के सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील हैं. जिसके आलोक में चाईबासा पुलिस व केंद्रीय बलों का एक संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है. गोईलकेरा थाना क्षेत्र के कुईडा, छोटा कुईबा, मारादिरी, मेरालगडा, हाथीबुरू, तिलायबेडा बोयपाईससांग, कटम्बा, बायहातु, बोरोय लेमसाडीह के सीमावर्ती क्षेत्र तथा टोन्टो थाना क्षेत्र के हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेगड़ा, पाटातोरब, गोबुरू, लुईया के सीमावर्ती क्षेत्र में अभियान चलाया जा रहा है. अभियान के दौरान मंगलवार को गोईलकेरा-टोन्टो थाना के सीमावर्ती क्षेत्र वनग्राम राजाबासा के समीप जंगल से नॉन इलेक्ट्रिक डेटोनेटर-340 पीस एवं इलेक्ट्रिक डेटोनेटर-10 पीस बरामद कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से यथा स्थान बम निरोधक दस्ता के सहायता से नष्ट किया गया.

## लड़की की गला रेतकर हत्या, पास ही जख्मी अवस्था में बेसुध पड़ा मिला लड़का, पुलिस को युवक पर शक

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के पलैडीह में एक लड़की की गला रेत कर हत्या कर दी गई है. वहीं, कुछ दूरी पर एक लड़का विशाल भी जख्मी अवस्था में पाया गया है. लड़के के गले पर भी रेतने का निशान पाया गया है.

पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है.

स्थानीय लोगों ने बताया कि गांव से एक 1 किलोमीटर की दूरी पर लड़की का शव मिला है. वहीं, जिस स्थान पर लड़की का शव मिला है, उसे कुछ दूरी पर एक भट्ठा है. भट्ठे की बाउंड्री के अंदर एक लड़का विशाल भी जख्मी अवस्था में पाया गया है. लड़के का गला भी रेता हुआ है. हालांकि लड़के की सांस चल रही थी, जिसके बाद आनन फानन में उसे अस्पताल पहुंचाया गया. अस्पताल में लड़के का इलाज चल रहा है. स्थानीय लोगों की माने तो लड़का और लड़की दोनों एक ही गांव के ही रहने वाले हैं. दोनों के घर आसपास ही हैं.




इस मामले में डीएसपी शंकर कामती ने कहा कि लड़की की हत्या में विशाल रजवार शक के घेरे में है. हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि फिलहाल अभी यह अनुसंधान का विषय है. प्रथम दृष्टया पुलिस उसे संदेह के घेरे में लेकर चल रही है. पुलिस कस्टडी में विशाल का इलाज चल रहा है. अभी वह बोलने की स्थिति में नहीं है. उससे भी पूछताछ की जाएगी. कई अन्य लोगों से भी अभी पूछताछ की जाएगी.

## ईडी की टीम को मंत्री के पीएस संजीव लाल के ऑफिस मिले 2 लाख

▶ प्रवर्तन निदेशालय की टीम झारखंड मंत्रालय स्थित ग्रामीण विकास विभाग के कार्यालय को खंगाल रही है

अंतर्कथा प्रतिनिधि

रांची । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम झारखंड मंत्रालय स्थित ग्रामीण विकास विभाग के कार्यालय को खंगाल रही है। इस दौरान ईडी की टीम को मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के कार्यालय के ड्रावर (दराज) से 500 के नोटों के बंडल मिले हैं। बरामद नोट 2 लाख बताये जा रहे हैं। साथ ही कई कागजात मिले हैं। बताया गया है कि कार्यालय के कर्मियों से भी बंद कमरे में पूछताछ की जा रही है। कार्यालय के अन्य कर्मियों को बाहर निकलने की अनुमति नहीं है। ईडी के डिप्टी डायरेक्टर कपिल राज भी प्रोजेक्ट भवन पहुंचे और कुछ देर बाद वहां से निकल गए। उल्लेखनीय है कि ईडी ने गत छह मई को छापेमारी के दौरान मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर के यहां से 35.23 करोड़ रुपये बरामद किए थे। इसके बाद ईडी ने संजीव लाल और जहांगीर को गिरफ्तार कर लिया था।



ईडी की टीम बुधवार को रिमांड पर लेने के बाद संजीव को लेकर प्रोजेक्ट भवन पहुंची है। ग्रामीण विकास विभाग का एक कार्यालय प्रोजेक्ट भवन में हैं, जहां मंत्री बैठते हैं जबकि दूसरा कार्यालय ऐप बिल्डिंग में है। इस कार्यालय में विभागीय सचिव, अधिकारी और कर्मचारी काम करते हैं।

### पलामू में वज्रपात से तीन बच्चों की मौत

पलामू : जिले में वज्रपात की अलग-अलग घटनाओं में तीन की मौत हो गयी. मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र में एक बच्ची एवं एक किशोर की मौत हुई, जबकि पांकी थाना क्षेत्र में एक बच्चे की मौत की खबर है. घटनाओं से पीड़ित पक्ष का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है. सूचना मिलने पर प्रखंड प्रशासन मामले की जानकारी लेने में जुटा है. बता दें कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार मंगलवार दोपहर बाद अचानक से मौसम बदल गया. तेज आंधी के साथ हल्की बारिश हुई. वज्रपात भी हुआ. मौसम विभाग ने वज्रपात को लेकर भी अलर्ट जारी किया था. जिले के मोहम्मदगंज अंचल अंतर्गत कोल्हुआ सोनबरसा पंचायत के गाजीबिहरा गांव के लेमुआटीकर टोला निवासी बिनोद पासवान की 4 वर्षीया पुत्री साक्षी कुमारी की मौत मंगलवार की शाम वज्रपात से गम्भीर घायल होने के बाद हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में हो गई.

## विश्व कवि रविन्द्र नाथ टैगोर के जयंती पर लेबोरेटरी का उद्घाटन

अंतर्कथा प्रतिनिधि

सिंदरी। विश्व कवि रवींद्रनाथ टैगोर का 164वें जयंती के अवसर पर रविंद्र नाथ विद्या मंदिर में बच्चों के लिए तथा सीबीएसई बोर्ड के जरूर के आधार पर एक लेबोरेटरी का उद्घाटन किया गया। जिसमें पदार्थ विज्ञान रसायन विज्ञान तथा जीव विज्ञान के प्रयोगशाला का शुभारंभ किया गया। इस शुभ अवसर पर संरक्षक डॉक्टर सीजी शाहा, अध्यक्ष गुना राम गोस्वामी, संस्था के वरिष्ठ आजीवन सदस्य आलोक कुमार बनर्जी, अन्य कार्य करनी सदस्य प्रवीर कुमार, श्रीमती मुक्ता चट्टराज, बापी देवनाथ, रविंद्र नाथ विद्या मंदिर के शिक्षक शिक्षिका गण तथा सभी कर्मचारी तथा विद्यालय के उच्च श्रेणी के छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक मनोरंजन मुखर्जी के द्वारा सर्वप्रथम श्री श्री विश्वकर्मा देव तथा श्री श्री सरस्वती माता की पूजा अर्चना किया गया। इसके बाद अध्यक्ष गुनाराम गोस्वामी के द्वारा द्वार उद्घाटन किया गया। जिसमें सभी बच्चों तथा उपस्थित सज्जनों ने प्रयोगशाला को निरीक्षण किया। आज के सारे अनुष्ठान को संस्था के जनरल सेक्रेटरी एचडी चतराज के द्वारा आयोजन किया गया। रवींद्रनाथ विद्या मंदिर में प्रयोगशाला का निर्माण तथा शुभारंभ होने से विद्यालय के मान्यता सीबीएसई बोर्ड से प्राप्त होने के लिए यह जरूरी था।





# बेरमो विधायक अनूप सिंह ने राष्ट्रीय कोलयरी मजदूर यूनियन के पदाधिकारी के साथ की बैठक

अंकित केशरी

धनबाद। धनबाद लोकसभा से इंडिया महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के लिए बेरमो विधायक अनूप सिंह ने रीजनल ऑफिस जामाडोबा मे राष्ट्रीय कोलयरी मजदूर यूनियन के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं एवं सहयोगी दलों क्षेत्रीय नेताओं कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों एवं अन्य गणमान्य लोगों के साथ बैठक की। इस बैठक में महागठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति तैयार की गयी।

धनबाद जिले के विशिष्ट एवं प्रबुद्ध जनों से मिलने के क्रम में विजय झा, अशोक सिंह, सिंदरी के पूर्व विधायक फूलचंद मंडल उनके सुपुत्र धरणीधर मंडल एवं उनके पार्टी के कार्यकर्ताओं से विशेष रूप में चर्चा की एवं महागठबंधन की जीत सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत चर्चा की।





नावाडीह के रायल बाजार के पास आयोजित जनसभा को उन्होने बसंबोधित भी किया झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष रमेश टूडू से उनके आवास पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विस्तृत रूप चर्चा की गयी।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा ने जन भावना का अनादर करते हुए धनबाद संसदीय क्षेत्र से ऐसी प्रवृत्ति के लोग को उतारा है जो झारखंड के निवासियों की जमीन हड़पने में विश्वास करता है, जो भाजपा सरकार की एम डी ओ नीति के तहत बीसीसीएल सहित कोल इंडिया को पूंजीपतियों के हवाले करने में सबसे बड़ा मददगार है।

बीसीसीएल सहित बोकारो इस्पात कारखाना, सिंदरी फर्टिलाइजर जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ,,पंडित नेहरू, सरदार पटेल, सुभाष का सबसे बड़ा तोहफा था उसे पूंजी पतियों के हवाले सौंपा जा रहा है। भाजपा के इस नीति के कारण आर्थिक राजधानी धनबाद को उजाडा जा रहा है।

उन्होने कहा दिवंगत मेरे पिता नेता और इंटक के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री राजेंद्र बाबू ने जीवन के अंतिम सांस तक धनबाद और झारखंड के मजदूर ,किसानों की सेवा की उसकी आवाज को बुलंद किया। कांग्रेस पार्टी के सर्वमान्य नेत्री सोनिया गांधी ,अध्यक्ष खड़गे साहब, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उनके पुत्रवधु को इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी घोषित किया ।धनबाद संसदीय क्षेत्र के मजदूर किसान नौजवान ने बराबर पूंजीवादी शक्तियों का विरोध किया है। राज्य और देश के विकास में अपने जीवन को समर्पित किया है।

## बलदेव महतो के नेतृत्व में भाजपा प्रत्याशी ढूलू महतो के लिए कार्यकर्ताओं ने किया ग्रमीण क्षेत्रों का दौरा





अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : भजपा प्रत्याशी ढलू महतो के पक्ष में मतदान को लेकर बलदेव महतो के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं नें बाबूडीह ,साधोबाद, बिराजपुर, मधुगोड़ा, दामुमुड़ा, छताटांड़, मोर पहाड़ ,सोनरिया, बरमसिया, सुखल कड़ा बरमसिया, मिसिरडीह, यादवपुर, आसानबनी, जयनगर का भ्रमण किया और सभी उपस्थित लोगों से मिलकर दिनांक 9 -5- 24 को धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के आगमन की सूचना दिए।

उन्होने सभी से आग्रह किया कि निश्चित समय पर अपने-अपने ग्राम में उपस्थित रहे और धनबाद के होने वाले सांसद बोलने ढुल्लू महतो के विचारों को सुने और अपना विचार भी रखें। कार्यक्रम में बलदेव महतो ,प्रदेश कार्यसमिति (सदस्य), जिला महामंत्री शंकर महतो,वर्वाअड्डा मंडल अध्यक्ष सुजीत चौधरी ,मुखिया हुबलाल महतो, रोहित महतो ,बालेश्वर, खगेन महतो , मुकूट धारी महतो ,सुधीर महतो ,सपन पांडेय, गौतम पांडेय, त्रिपुरारी पांडेय, वकील मुर्मू, समीर दास ,सेनटीयल दास, डब्लू दास, राजु दास ,सुखदेव नापित, जगत नापित, विनय पांडेय ,बबलु नापित, कालु नापित उपस्थित थे।

## भगवान श्री परशुराम का जन्मोत्सव समारोह का आयोजन 10/को

अंतर्कथा प्रतिनिधि



झरिया: भगवान श्री परशुराम का जन्मोत्सव समारोह का आयोजन अक्षय तृतीया के दिन 10 मई 2024 यानी शुक्रवार (अक्षय तृतीया) को झरिया के पोद्दार पाड़ा स्थित मारवाड़ी ब्राह्मण भवन में किया जाएगा. इसकी तैयारियां जोरो पर हैं. इस संबंध में सिटी लाइव को जानकारी देते हुए मारवाड़ी ब्राह्मण भवन कार्यकारिणी कमिटी के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा व सह-सचिव दिनेश शर्मा ने बताया कि, "मारवाड़ी ब्राह्मण समाज (झरिया) के लोगो को गर्व है कि हमने पूरे झारखण्ड में प्रथम भगवान परशुराम जी की मूर्ति (संवत् २०७०) 13.05.2013 (अक्षय तृतीया) को मारवाड़ी ब्राह्मण भवन पोद्दार पाड़ा झरिया में स्थापित की है।"

पदाधिकारीद्वय ने बताया कि, "शुक्रवार को प्रातः 9 बजे पूजा, अर्चना, हवन, प्रसाद वितरण एवं अल्पाहार होगा. इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में लोगों से भाग लेने की अपील की गयी है."

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने को ले निकली जागरूकता रैली




अंतर्कथा प्रतिनिधि

पुटकी। पुटकी बाजार चैंबर ऑफ कॉमर्स धनबाद नगर निगम एवं सियालगुदरी पंचायत के संयुक्त तत्वधान में बुधवार को पुटकी चेम्बर अध्यक्ष हीरालाल शर्मा के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली पुटकी चेम्बर कार्यालय से शुरू होकर पुटकी के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। श्री शर्मा ने कहा कि इस अभियान से हम ज्यादा संख्या में लोगो को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे है। मौके पर महासचिव मुर्तजा अंसारी, विकाश सिंह चौधरी, राजू अंसारी,शाहरुख खान,राम प्रताप शर्मा,पिंटू शर्मा,राहुल कुमार सिंह,सरोज सिंह केदार प्रसाद बरनवाल,बबलु बरनवाल,संजय रजक,सुनील कुमार सोनी, जावेद , निरंजन शर्मा,हुकुम चंद्र अग्रवाल व अन्य थे।

## नंदी सेवा ट्रस्ट ने दिया लक्ष्मी देवी को समर्थन




अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद। धनबाद लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी लक्ष्मी देवी को नंदी सेवा ट्रस्ट पुटकी ने समर्थन दिया। नंदी सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष जितेंद्र यादव ने लक्ष्मी देवी का स्वागत किया और लोकसभा चुनाव में साथ देने का भरोसा जताया।

मौके पर निर्दलीय प्रत्याशी लक्ष्मी देवी ने कहा कि धनबाद का विकास दशकों से स्थूल पड़ा हुआ है। प्रतिनिधियों की चुप्पी धनबाद के लिए नासूर साबित हो रही है। जहां एम्स अस्पताल हवाईअड्डा छीन गया। लक्ष्मी देवी ने आगे कहा कि धनबाद के प्रबुद्ध लोगों को धनबाद के विकास के लिए आगे आना चाहिए। लक्ष्मी देवी ने नंदी सेवा ट्रस्ट के सदस्यों का समर्थन करने के लिए आभार व्यक्त किया। मौके पर राजेश कुमार, पम्मी आनंद पासवान, राजेश यादव, आनंद चौधरी, माधव झा, रोहित यादव, संदीप कुमार पासवान, मालती देवी आदि मौजूद थी।

## डैफोडिल्स एकाडेमी में टैगोर जयंती धूमधाम से मनी

अंतर्कथा प्रतिनिधि




पुटकी। करकेंद बाजार स्थित डैफोडिलस एकाडेमी में बुधवार को रवीन्द्रनाथ टैगोर की 163 वीं जयंती धूमधाम से मनायी गयी। प्राचार्य तापस बनर्जी ने रवीन्द्रनाथ ठाकुर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रवीन्द्रनाथ टैगोर का जन्म 07 मई 1961 को कोलकाता में हूआ। वह एक महान कवि, दार्शनिक, साहित्यकार, चित्रकार, मामवतावादि व्यक्ति थे। उन्हें सब गुरुदेव भी बोलते थे। गीतांजली नामक काव्य पुस्तक पर उन्हें वर्ष 1913 में नोवल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इसके पूर्व प्राचार्य तापस बनर्जी शिक्षक-शिक्षिकाओ व छात्र छात्राओं ने रवीन्द्रनाथ ठाकुर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर अपना अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने विद्यालय शिक्षक अनिल सिंह, एस.आर कर ,चंदन पासवान, जयंत घटक, प्रभाकर मिश्रा,झूमा दत्ता, कविता दत्ता, कौशल झा , संजय दत्ता, डोली प्रसाद, शिल्पा सिंह, करूना चंदा, उषा, शशि गुप्ता, देवश्री, शहर, आरजु, रंजीत घोष, अरिंदम भट्टाचार्य व अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

# अक्षय तृतीया के दिन विवाह बाल ना हो लिए इसके लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीपीआरओ,जन प्रतिनिधि से किया अपील

अंतर्कथा प्रतिनिधि

लखीसराय (सुजीत कुमार)-: जिला प्रशासन एवं जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने अक्षय तृतीया के दिन बड़ी संख्या में होने वाले विवाह बाल विवाह को रोकने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी संग सभी बीपीआरओ एवं सभी जन प्रतिनिधि से किया अपील करते हुए जागरूक करने की बात कही है। इसको लेकर जिलें में कार्य कर रही विकासार्थ ट्रस्ट के आग्रह पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने सभी जनप्रतिनिधि को चिट्ठी भेजी है। इसमें कहा गया कि इस बार अक्षय तृतीया 10 मई को है इस दिन सभी जगह बड़ी संख्या में विवाह होती है खासकर आदिवासी क्षेत्र में बहुत ही ज्यादा बाल विवाह होने की संभावना रहती है इसलिए जिला प्रशासन लखीसराय सभी जनों से आग्रह करते हुए इसके लिए पहले से सतर्क रहने की बात की है। दी गई जानकारी में लड़के का उम्र 21 वर्ष और लड़की का उम्र 18 वर्ष हो और अगर इससे पहले की शादी होती है तो उसे कानूनन अपराध मानी जाएगी। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के तहत लखीसराय में कार्य कर रहे विकासार्थ ट्रस्ट को भी प्रतिलिपि सौंपते हुए सचिव सुनीता सिंह को भी इसमें लगे सभी कर्मी को सहयोग करने की अपील किए और प्रशासन के द्वारा वाल विवाह रोकने हेतु पुरा सहयोग संस्था ने मांग की। विकासार्थ ट्रस्ट के सभी सी एस डब्लू अक्षय तृतीया के दिन बाल विवाह नहीं हो इसके लिए अपने स्तर से सभी जगह जागरूकता कर बाल विवाह अभिशाप है इसे रोकने का काम कर रही है। सी एस डब्लू शीला



कुमारी,अर्चना कुमारी, रंजीत कुमार,श्री निवास सिंह,सुनील कुमार, श्वेता कुमारी आदि स्वयं सेवी संस्था के साथ शीला कुमारी, क्षेत्र समन्वयक संजय कुमार ने मननपुर बाजार में लोगों से अपील एवं जागरूक कर कहा कि अक्षय तृतीया के दिन बाल विवाह शुभ नहीं अशुभ है इसलिए हम बच्चे को जीने का अधिकार दें शिक्षित करें ना की बच्चों को बच्चे में बांध दें। उधर रंजीत कुमार श्री किशुन कोड़ासी में लोगों से जाकर मिले एवं बाल विवाह नहीं होने पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया साथ ही बताया कि आदिवासी क्षेत्र में ज्यादा बाल विवाह होता है इसलिए आप जनप्रतिनिधि भी इसमें सहयोग करें और बाल विवाह की सूचना मिलते ही 112 नंबर पर निश्चित रूप से कॉल करें और बाल विवाह रुकवाने में मदद करें। अर्चना कुमारी ने अलीनगर सुर्यगढा में जागरूकता कार्यक्रम चलाई और कहा कि अक्षय तृतीया के दिन बाल विवाह करने के बजाय उनकी रक्षा करने की शपथ लें। अपने बच्चों को बाल विवाह से बचाए और उनका भविष्य सुरक्षित करें बेटियों को पढ़ाया और उनकी क्षमता को बढ़ाया जाए एवं रोजगारों से जोड़ा जाए जिससे कि वह विकास कर सके। श्रीनिवास सिंह ने कहा बाल विवाह में शामिल होने वाले पंडित जी ढोल बाजे वाले या कोई भी व्यक्ति सभी पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है इसलिए हम सभी मिलकर लोगों को जागरूक करें और बाल विवाह को रोक बाल विवाह एक अभी श्राप है इसे रोकना बहुत जरूरी है जिससे कि आगे आने वाली विधि कुपोषण का शिकार नहीं हो। सुनील कुमार ने प्रखंड चानन के कछुआ कोड़ासी में लोगों से अपील किया कि बाल विवाह न करें आपके क्षेत्र में अक्षय तृतीया के दिन ज्यादा बाल विवाह होने की संभावना होती है इसलिए अपने बच्चों को सुरक्षित रखें उसका दुश्मन ना बने सही उम्र में उनका शादी करें जनप्रतिनिधि से भी गुजारिश किया कि बाल विवाह ना हो इस क्षेत्र में ज्यादा बाल विवाह होता है हम अपने सुरक्षित हो और भविष्य भी सुरक्षित करें। यदि किन्हीं को भी बाल विवाह की सूचना मिलती है तो हेल्पलाइन नंबर 112 बाल विकास हेल्पलाइन नंबर 181 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं नजदीकी पुलिस स्टेशन में सूचित करें। संस्था को मार्गदर्शन देने वाले शैलेश सर के द्वारा बताया गया कि हम सबों का सहयोग एक प्रार्थनीय सहयोग होगा और तभी बाल विवाह रोकना संभव हो पाएगा सबों का सहयोग ही स्वस्थ परिवार का निर्माण कर पाएगा।

# कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के,समर्थक ने बाइक रैली निकाल कर किया जनसंपर्क

अंतर्कथा प्रतिनिधि

सिंदरी। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह की जीत के लिए कांग्रेस नेता अजय कुमार की नेतृत्व में बाइक रैली निकाली गई, जिसमें जेएमएम के शुशील हेंब्रम, माकपा के नेता विकास कुमार ठाकुर, माले के सागर मंडल, सहित दर्जनों गठबंधन समर्थक शामिल हुए, यह रैली राजाबस्ती, सिंधाबानी, बाउरी टोला, हाड़ीडीह, तेतुलतांड, समेत वार्ड 55 के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में मतदान कर राहुल गांधी के हाथो को और मजबूत कर देश के विकास रथ को आगे बढ़ाने में सहायक बनने की अपील की. वार्ड 55 के विभिन्न स्थानों पर द्वार द्वार जाकर ग्रामीणों से हाथ के निशान पर ज्यादा से ज्यादा मत देकर कांग्रेस को ऐतिहासिक जीत दिलाने का अपील की गई।जनसंपर्क अभियान में राम लायक राम, अनिल शर्मा, सम्राट कुमार, विशाल कुमार, राहुल कुमार, सुमित कुमार, सिवा कुमार, समीर कुमार, मोहन कुमार, नवान कुमार, नकुल कुमार वर्मा, विजय सोरेन, अरविंद शर्मा, अजय कुमार साव, विकास मंडल, नाजू सिंह, सुनील महतो, अर्जुन प्रमाणिक, माणिक बाउरी, सुशील हेंब्रम आदि मौजूद थे।

# नौघरा की टीम को हराकर मोहनिया बना विजेता

अंतर्कथा प्रतिनिधि

कैमूर -: चैनपुर के नौघरा उस्मानिया क्रिकेट क्लब द्वारा नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजन मे उद्घाटन करने पहुंचे जिला परिषद सदस्य विकास सिंह लल्लू पटेल कमेटी के सदस्यों ने और ग्रामीणों ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। मौके पर उपस्थित जिला परिषद सदस्य ने बताया कि उस्मानिया क्रिकेट क्लब के द्वारा पांच दिवसीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से टीम भाग ली है। आज नवग्रह बना मोहनिया के बीच मुकाबला है जिसे मैंने उद्घाटन किया है जहां कमेटी के सदस्यों की चाहत थी कि मैं इनके टूर्नामेंट का उद्घाटन करूं। युवाओं के मनोबल को बढ़ाने के लिए खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए मैं नवरा गांव में आया हूं जहां तमाम खिलाड़ियों को मैं भविष्य के लिए शुभकामना देता हूं। युवा वर्ग को खेल के प्रति उत्साह को बढ़ाना मेरी पहली प्राथमिकता है। युवा देश के भविष्य हैं, खेलकूद से युवा शारीरिक रूप से चुस्त व दुरुस्त रहती हैं। खेल के क्षेत्र में कितने युवा अपना कैरियर बन चुके हैं मैं चाहता हूं कि कैमूर जिला अंतर्गत हर प्रखंडों में आज का आयोजन में गांव-गांव के युवा भाग ले जिससे आने वाले समय में हमारे कैमूर जिला के होनहार खिलाड़ी हमारे जिला का नाम देश में रोशन करेंगे। नवघरा गांव में शानदार खेल मैदान होते हुए बेहतर सुविधा नहीं मिल पा रही है आने वाले समय में सरकार को पत्र लिखकर स्टेडियम की मांग किया जाएगा की आसपास के गांव के युवा खिलाड़ी स्टेडियम में हर तरह का खेलकूद कर सकें। वहीं जिला परिषद सदस्य विकास सिंह लालू पटेल के गांव पहुंचते ही नौघरा की जनता ने गर्मजोशी से स्वागत किया। मौके पर वहाजुल खान, दानिश खान, शौकत खान, परवेज खान,अदनान खान, राशिद रोशन, हरेंद्र तिवारी, धर्मेंद्र कुमार विक्की सिंह सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## मुनीडीह ओपी में पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज

अंतर्कथा प्रतिनिधि

पुटकी। मंझलाडीह कारीटांड़ की एक महिला ने बुधवार को मुनीडीह ओपी में लिखित शिकायत कर पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया है। शिकायत में कहा गया है कि मेरी 16 वर्षीय नाबालिक पुत्री को शादी का प्रलोभन देकर मुनीडीह ओपी क्षेत्र के धोबनी निवासी स्वर्गीय निमाई बाउरी के छोटा पुत्र अजय कुमार बाउरी ने शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाया। आरोपित अजय की मां मुनीडीह में बीसीसीएल कर्मी है। शिकायत में पीड़िता की मां ने कहा 25 दिसम्बर 2021 को पहली बार फोन पर परिचय हुआ। इसके पश्चात मेरी बेटी को अपने झांसे में लेकर बातचीत करने लगा। इस दौरान शादी करने का प्रलोभन देकर 16/04/2024, 19/04/2024, 21/04/2024, 23/04/2424, 25/04/2024, 03/05/2024 को शारीरिक संबंध बनाया। मुनीडीह ओपी पुलिस ने कांड संख्या 50/2024 पोक्सो एक्ट भादवि की धारा 376 ( 3 ) के तहत दर्ज कर लिया है।

# बीमारी के बहाने से नहीं कटेगी चुनाव ड्यूटी

**मेडिकल जांच में फिट पाये जाने पर होगी कार्वाई**

अंतर्कथा प्रतिनिधि

रांची : चुनाव में ड्यूटी से बचने के लिए स्वस्थ कारणों का बहाना पुलिसकर्मियों को महंगा पड़ सकता है. किसी भी पुलिस पदाधिकारी और कर्मी मेडिकली फिट पाए जाने पर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी. धनबाद एसएसपी ने इससे सम्बंधित आदेश जारी किया है. वही स्वास्थ्य जांच के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन किया है. जारी आदेश में बताया गया है कि लोकसभा चुनाव के अवसर पर स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को धनबाद जिला बल से अन्य जिलों में प्रतिनियुक्त किया जाना है. उल्लेखनीय है कि उक्त चुनाव के मद्देनजर कतिपय पुलिसकर्मियों ने अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का उल्लेख करते हुए चुनाव डियूटी से वंचित करने के लिए अनुरोध अभ्यावेदन समर्पित किया जा रहा है. अतः उक्त के आलोक में वैसे सभी पुलिसकर्मी जो अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण चुनाव डियूटी से वंचित कराने के लिए अभ्यावेदन समर्पित किये गये हैं का स्वास्थ्य जाँच के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन किया जाता है. मेडिकल बोर्ड द्वारा जाँच के क्रम में किसी भी पुलिस पदाधिकारी, पुलिसकर्मी को स्वास्थ्य अथवा मेडिकल फिट पाया जाता है, तो वैसे पुलिस पदाधिकारी, पुलिसकर्मी के विरूद्ध कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी. एसएसपी ने परिचारी प्रवर को निर्देश दिया है कि चुनाव डियूटी से वंचित कराने के लिए अभ्यावेदन समर्पित करने वाले पुलिस पदाधिकारी, पुलिसकर्मियों का मेडिकल बोर्ड गठित कराते हुए चिकित्सीय जाँच कराना सुनिश्चित करेंगे.

## लकड़ी उठाने के मामले में महिला को ईट सेमारकर किया घायल,इलाज के लिए लाया रेफरल अस्पताल

अंतर्कथा प्रतिनिधि

झाझा- शीशम की सूखी लकड़ी उठाने पर एक महिला के साथ उसकी गोतनी ने ईट से सिर पर प्रहार कर घायल कर दिया। मामला थानाक्षेत्र के भलगुड़ी गांव की है। घायल महिला की पहचान रामानंद यादव की पत्नी उर्मिला देवी के रूप में हुई है जिसे परिजनों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक के द्वारा घायल महिला का इलाज किया गया। घायल महिला ने बताया कि रात्रि में आंधी आया था और उसी में शीशम की लकड़ी गिर गया जिसे सुबह उठाकर मै जलावन के लिए अपने घर ला रही थी कि तभी मेरी गोतनी कविता देवी लकड़ी लेने से मना कर दिया। जिसका विरोध मैने किया तो उसने पास में रखे ईट से मेरे सर पर कई बार प्रहार कर मुझको घायल कर दिया। घायल महिला ने बताया कि पूर्व में कई बार मेरी गोतनी मुझसे झगड़ा की थी।

# वज्रपात के चपेट में आने से एक युवक की हुई मौत परिजनों मे कोहराम

अंतर्कथा प्रतिनिधि



नवादा जिले के थाली थाना क्षेत्र के एकतारा गांव में वज्रपात की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा गया। मृतक युवक की पहचान एकतारा गांव निवासी बालेश्वर राजवंशी का पुत्र मुकेश कुमार के रूप में किया गया है। बताया जा रहा है कि युवक शौच करने के लिए बधार की ओर गया हुआ था तभी उस पर वज्रपात गिर गया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। फिलहाल पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल लाया।

## रोह बाजार से समीप दो बाइक की टक्कर में इलाज के दौरान एक की मौत

नवादा -ः नवादा जिले के रोह थाना क्षेत्र के रोह बाजार से समीप दो बाइक की जोरदार टक्कर में एक युवक जख्मी हो गया जिसे इलाज के लिए नवादा सदस्य अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए पावापुरी रेफर किया मगर परिजनों ने नवादा में प्राइवेट क्लीनिक में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक के परिजन ने बताया कि कौशल कुमार रोह में अपने रिश्तेदार के यहां गया हुआ था। रोह से लौट के दौरान दो बाइक में भिड़ंत हो गई जिसमें एक युवा गंभीर रूप से जख्मी हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उपचार के बाद पूरी रेफर कर दिया था। फिलहाल पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक की पहचान नेमदारगंज थाना क्षेत्र के चीता बीघा गांव निवासी स्वर्गीय किशोरी यादव का 24 वर्षीय पुत्र कौशल कुमार के रूप में किया गया है।

## बोरियो विधायक लोबिन हेंब्रम ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में किया नामांकन

रांची : लोकसभा चुनाव को लेकर राजमहल लोकसभा में नामांकन कि प्रक्रिया कल यानी 07/5/24 से शुरू हो गई। नामांकन के पहले दिन झामुमो के बागी नेता और बोरियो विधानसभा क्षेत्र के विधायक लोबिन हेंब्रम ने अपना नामांकन निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में दर्ज करवाया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी हेमंत सती के पास अपने नामांकन कि पर्ची सौप कर नामांकन प्रक्रिया पूरी करने के बाद मीडिया कर्मी से बात करते हुए उन्होंने कहा कि झामुमो के अध्यक्ष गुरु जी शिबू सोरेन ही हमारे नेता है। उनका आशीर्वाद हमे हमेशा प्राप्त है और उन्ही के पद चिन्हों पर चलकर आज हमने अपना नामांकन करवाया है।पार्टी से कोई नारजगी नही है बल्कि कुछ लोगों ने पार्टी को पीछे धकेलने का काम किया है।

## जमीनी विवाद में मारपीट, पांच हुए घायल, ईलाज के लिए पहुंचा अस्पताल

अंतर्कथा प्रतिनिधि

झाझा- जमीन विवाद में थानाक्षेत्र के महापुर गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई जिसमें दोनो पक्षों से एक महिला सहित कुल पांच लोग घायल हो गया। सभी घायलों को परिजनों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां डयूटी पर तैनात डॉक्टर सादाब अहमद के द्वारा इलाज किया गया। एक पक्ष से घायल की पहचान अर्जुन यादव उसका बेटा उमेश यादव और उमेश की पत्नी सविया देवी घायल हुई तो दूसरे पक्ष से कल्लू यादव और उसका पुत्र भूलेंद्र यादव घायल हुआ। पहले पक्ष से घायल उमेश यादव ने बताया कि जमीन विवाद मे मेरी बहन के साथ मारपीट हो रहा था तो मै छुड़ाने के लिए गया तो दूसरे पक्ष के भूलेंद्र और उसके साथ अन्य कई लोग मारपीट करने लगा तब मेरी पत्नी और पिता बीच बचाव के लिए आया तो वे लोग हमलोगों के साथ रॅाड, एवं अन्य चीजों से मारपीट करते हुए हमलोगों को घायल कर दिया। दूसरे पक्ष से घायल कल्लू यादव ने बताया कि मै अपने जमीन में मकान निर्माण करवा रहा था कि तभी पहले पक्ष के भूलेंद्र और उसके पिता और एक अन्य ने हमलोगों के साथ विवाद शुरू कर दिया जिसका विरोध किया तो वे लोग हमलोंगों के साथ मारपीट करने लगा और लोहे के रॅाड से मेरे बेटे के सिर पर वार कर घायल कर दिया और जब मै बीच बचाव के लिए गया तो मेरे साथ भी मारपीट करते हुए मुझे हथौड़ी से मारने लगा। कल्लू यादव ने आगे बताया कि घर के बगल में लगभग छह फीट जमीन को लेकर विवाद हुआ और उसी मे मारपीट की घटना हुई। अस्पताल में इलाज के बाद दोनो पक्षों की ओर से थाना में आवेदन देने की प्रक्रिया में जुट गए।

## यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर कई समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया शुरू

जमुई झाझा- यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर कई समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । इसी कड़ी में झाझा-किउल-बरौनी-समस्तीपुर-दरभंगा-मधुबनी के रास्ते सियालदह और जयनगर के मध्य समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा। जानकारी देते हुए हाजीपुर जोन के सूचना पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि गाड़ी सं. 03187 सियालदह-जयनगर समर स्पेशल दिनांक 11 मई से 29 जून तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को सियालदह से 23.55 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 08.55 बजे बरौनी, 10.00 बजे समस्तीपुर, 11.10 बजे दरभंगा, 11.55 बजे सकरी तथा 12.30 बजे मधुबनी रूकते हुए 14.25 बजे जयनगर पहुंचेगी । गाड़ी सं. 03188 जयनगर-सियालदह समर स्पेशल दिनांक 12 मई से 30 जून तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को जयनगर से 15.25 बजे प्रस्थान कर 15.50 बजे मधुबनी, 16.15 बजे सकरी, 17.30 बजे दरभंगा, 18.55 बजे समस्तीपुर तथा 19.50 बजे बरौनी रूकते हुए अगले दिन 05.15 बजे सियालदह पहुंचेगी ।

# लोकसभा के चौथे चरण के मतदान को लेकर अनुमंडल अस्पताल तारापुर के सभागर में प्रशिक्षण

अंतर्कथा प्रतिनिधि



मुंगेर -ः मुंगेर जिला के तारापुर प्रखंड स्वास्थ्य सेवा बहाल करने हेतु ए एन एम एवम सी एच ओ को अनुमंडल अस्पताल तारापुर के सभागर में प्रशिक्षण दिया गया।यह प्रशिक्षण लोकसभा के चौथे चरण के मतदान को लेकर स्वास्थ्य सेवा को उपलब्ध कराने को लेकर दिए गए। अस्पताल के प्रभारी उपाधिक्षक डॉक्टर बिन्दु कुमारी ने परिक्षण दिया। मौके पर अस्पताल के प्रबंधक मनीष कुमार भी मौजूद थे। प्रभारी डॉक्टर बिंदु कुमारी ने दिये जा रहे प्रशिक्षण के में बताया की लोकसभा के चौथे चरण का मतदान होने वाले मतदान केन्द्र पर भेजे जाने वाले सभी प्रशिक्षण कर्मचारियों को कौन सा केंद्र पर लगाया जाएगा सबको जानकारी दे दी गई। इसके अलावा कई बिंदुओं पर बात हुई जिनमे मतदान करते हुए बीमार पर जाने पर कैसे उपचार करेंगे?साथ में मेडिकल किट के साथ उपस्थित रहेंगे।

## बरहरवा के मैन रोड में हो रहे पुलिया निर्माण कार्य में लगे बेरिकेड टूट जाने से दुर्घटना कि असीम संभावनाएं

अंतर्कथा प्रतिनिधि

बरहरवा -ः बरहरवा के मैन रोड में लोहा पुल के पास पुल का निर्माण कार्य हो रहा है जिसमे लगाया गया बेरिकेड के टूट जाने से दुर्घटना कि संभावना बनी हुई है।इस सड़क से हमेशा आम जनता के साथ साथ बड़े और छोटे वाहन लगातार गुजरते हैं। ये सड़क बरहरवा क्षेत्र के लिए काफी व्यस्त सड़क में आता है। यहां हो रहे पुलिया निर्माण कार्य के दौरान लगाया गया बांस बल्ली का बेरिकेड पुल के नीचे साइड कि तरफ चला गया है। दोनो तरफ से आने जाने वाली वाहनों को और वाहन चालकों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। वहीं एक तरफ पुल निर्माण के लिए किए कार्य के दौरान गहरी गड्ढे में वाहन अगर असंतुलित होकर गिर जाने कि संभावना बनी रहती है जिससे दुर्घटना कि संभावना हो सकती है।

## रेलवे कोच मे काम करने के दौरान लोहा उतारने के वक्त लगी चोट,हुआ घायल

अंतर्कथा प्रतिनिधि

जमुई झाझा- रेलवे क्षेत्र में चल रहे विकास कार्य के दौरान एक युवक को लोहे के रॅाड से चोट लग जाने से वह घायल हो गया। जिसे अन्य मजदूरों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल झाझा में भर्ती करवाया गया जहां घायल युवक का इलाज किया गया। घायल युवक की पहचान पुरानी बाजार के रहने वाले मो. असलम के रूप में हुई है। घायल युवक को इलाज पहुंचाने वाले उसके साथियों ने बताया कि रेलवे कोच मे काम करने के दौरान लोहा उतारने के वक्त मो. असलम को लोहा से चोट लग गई और वह घायल हो गया।

## बालू लदा ट्रैक्टर हुआ जब्त,एक चालक वाहन लेकर फरार तो दूसरा वाहन छोड़कर हुआ फरार

अंतर्कथा प्रतिनिधि

झाझा- अवैध बालू खनन को लेकर पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त किया है। दरअसल झाझा पुलिस को पांडेयडीह घाट से बालू चोरी की सूचना मिली जिसके बाद पुअनि अभय शंकर और सअनि मुकेश कुमार दलबल के साथ उक्त स्थल पर छापेमारी के लिए पहुंचा तो बालू उठाव कर रहे दो ट्रैक्टर पुलिस को देखकर भागने लगा जिसका पीछा करने पर जिसमें एक चालक अपना वाहन लेकर भागने में सफल रहा तो वही दूसरा वाहन चालक अपना वाहन छोड़कर फरार हो गया जिसके बाद पुलिस ने बालू लदा ट्रैक्टर जब्त करने के बाद आगे की कार्रवाई में जुट चुकी है।

## गैस चूल्हा पर खाना बनाने क़े क्रम में घर मे लगी आग ,मां एवं दो बच्चे झुलसे

अंतर्कथा प्रतिनिधि

नवादा : नवादा में गैस चूल्हा पर खाना बनाने क़े क्रम में गैस सिलेंडर लीकेज क़े कारण घर में आग लग गया,जिससे खाना बना रही महिला एवं उनके एक बेटा और बेटी जख्मी हो गयी। परिजनों के सहयोग से तीनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां प्राथमिक उपचार क़े बाद स्थिति गम्भीर देखते हुए चिकित्सकों ने मां -बेटी क़ो बेहतर इलाज क़े लिए पावापुरी बिम्स भेजा,वहीं पुत्र का इलाज सदर अस्पताल में जारी है। घटना नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र के होरिल गांव में हुई।घायलों में स्व. शिवनंदन यादव की पत्नी आशा देवी, पुत्री नेहा कुमारी एवं पुत्र राहुल कुमार शामिल है। इस संबंध में बताया गया कि सिलेंडर से गैस लीकेज होने लगा और फिर तुरंत आग लग गई। फिलहाल मां की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

## रविंद्र नाथ टैगोर की जयंती,सारडॉनिक्स प्लस टू स्कूल में स्कूली बच्चों के द्वारा मनाया गया

अंतर्कथा प्रतिनिधि

झाझा- नगर क्षेत्र स्थित सारडॉनिक्स प्लस टू स्कूल में नोबेल पुरस्कार विजेता, जन गण मन राष्ट्रीय गान के रचयिता, विश्व विख्यात गीतांजलि के रचनाकार रविंद्र नाथ टैगोर की जयंती स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। विद्यालय प्राचार्य विष्णु कुमार शर्मा, उपप्राचार्य ओपी गुप्ता, विद्यालय निदेशक इंजीनियर एम अख्तर, रेक्टर शमा अख्तर स्कूली बच्चों एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं ने रविंद्र नाथ टैगोर के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हे याद किया। जयंती पर स्कूली बच्चों के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्कूली बच्चों देश भक्ति गीतों पर अपनी प्रस्तुति दी तो वही शिक्षक- शिक्षिकाए सेहली राय, सोमेश हांसदा, देवाशीष सरकार, कालू चक्रवर्ती, राजेश मेहता, प्रेम मुखर्जी, अभिजीत साह, मधुमिता चटर्जी, मृणाल चक्रवर्ती आदि दने जब रविंद्र संगीत आनंद लोके मंगलालोक, सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया की पावन धुन पर कोरस प्रस्तुत किया तो मानों पूरा परिवेश ठहर सा गया। छात्र सचिन शंकर ने गीताजंलि की कविता को प्रस्तुत किया तो वही छात्र सत्यम केशरी ने रविंद्रनाथ टैगोर की छवि प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक विनोद आनंद (विनोद कुमार मंडल) के लिए सहयोग प्रिंटर्स एंड पब्लिकेशन, रतनपुर, पो-गोविन्दपुर, जिला - धनबाद, झारखंड. पिन- 828109 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक- विनोद आनंद, कार्यालय-रतनपुर, पो गोविन्दपुर, जिला-धनबाद, झारखंड - 828109, (पी आर बी के तहत खबर चयन के लिए जिम्मेदार), आरएनआई पंजीयन संख्या 684 58/98